नवभारत 29/10/18

शासकीय महाविद्यालय ने मोखा में लगाया विशेष शिविर

स्वच्छता के लिए किया जागरूक

गुरुर. शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम मोखा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मीनारायण कटेन्द्र थे. अध्यक्ष प्राचार्य डॉ जेएल बघेल ने किया, विशेष अतिथि डामेश्वरी सिन्हा, ग्रामीण पटेलरामचरण सिन्हा, पदुमसिंह केशरी, उदय ठाकुर, प्राणनाथ कटेन्द्र, गोवर्धन यादव, पुरुषोत्मत कलिहारी, बालाराम नेवेन्द्र, महिला कमाण्डो एवं अध्यक्ष भुनेश्वरी गोस्वामी थी. शिविर 2 नवम्बर तक चलेगा जिसमे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा शिविर के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी. कार्यक्रम अधिकारी प्रो केएल रावटे ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला.

उन्होंने बताया प्रतिदिन सुबह स्वयं सेवकों द्वारा जन जागरुकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जाएगा. दोपहर में बौध्दिक परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित होगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी. उद्बोधन के दौरान अतिथियों ने राष्ट्र की सेवा को सर्वोपरि बताया. उन्होंने ने कहा कि छात्र छात्राओं को राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए. इस दौरान प्रो एलआर हिरवानी, खुशबू साहू, सविता गिलहरे, एमएल यादव सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक उपस्थित थे. मंच संचालन मनीष कुमार एवं शिविर नायिका वामिनी ने किया.